एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

हर कोई किसी न किसी तरह से किसी खास छवि में बंधा होता है : रोशेल राव

मॉडल-एंकर रोशेल राव द कपिल शर्मा शो के नए सीजन को लेकर रोमांचित हैं क्योंकि इसमें वह अलग-अलग अवतार में नजर आएंगी। उन्होंने कहा कि जहां तक कॉमेडी शो की बात है, तो इनमें महिलाओं की ही कोई खास छवि नहीं होती है। उनका मानना है कि हर कोई किसी न किसी तरह से किसी खास छवि में बंधा होता है, लेकिन सभी में अच्छा हास्य और भावना होती है।

रोशेल ने कहा, जब बात कॉमेडी शो की होती है तो यह महिलाओं के संबंध में ही सिर्फ किसी खास छवि (स्टीरियोटाइप) में नहीं बंधा होता है, ईमानदारी से देखा जाए तो हर स्टीरियोटाइप बात का इस प्रकार के शो में दोहन किया जाता है। यह ऐसी चीज है जो हमें किसी चीज के बारे में हंसाने या मजाक करने का मौका देती है।

रोशेल ने कहा कि जब कॉमेडी के इस खास पहलू की बात आती है तो उनका मानना है कि हर किसी को इसे मजाक के रूप में ही लेना सीखने की जरूरत है क्योंकि कॉमेडी इसी के बारे में है। उन्होंने कहा कि हम अपने आसपास की जिन चीजों के बारे में जानते हैं, उसी का हास्य बनाते हैं और अगर हर चीज के बारे में जो धारणा बनी-बनाई हुई है उसको हूबहू उसी रूप में लेना शुरू कर देंगे तो फिर मजाक या मनोरंजक कंटेंट दे पाना मुश्किल हो जाएगा।

पूर्व ब्यूटी चीन ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो भारत में लोग यहीं चीज पसंद करते हैं। वे उन लोगों के बारे में चुटकुले सुनना पसंद करते हैं, जो उनके बॉस की तरह होते हैं या ऐसी महिला के बारे में जो उन्हें उनकी सास की याद दिलाती हो।

रोशेल का मानना है कि कॉमेडी यही करती है। उन्होंने कहा, यह लोगों को अपनी जिंदगी से जुड़ी चीजों के बारे में हंसने का मौका देती है, जो कहीं न कहीं उनके तनाव का कारण होती है। तो, यह सिर्फ महिलाओं से संबंधित नहीं है, बल्कि हर किसी की किसी न किसी तरह की छवि या धारणा के बारे में है, लेकिन कुल मिलाकर एक अच्छे हंसी-मजाक व अच्छी भावना के साथ।

दे दे प्यार दे का फर्स्ट लुक जारी, दिखा अजय देवगन का हटके अंदाज

ऐक्टर अजय देवगन ने नए साल की शुभकामनाएं देते हुए जहां अपनी आने वाली फिल्म तानाजी- द अनसंग वॉरियर की पहली झलक पेश की, वहीं अब उनकी एक और फिल्म दे दे प्यार दे से उनका फर्स्ट लुक इंटरनेट पर जारी कर दिया गया है। रिलीज़ की गई फोटो में अजय देवगन एक डैशिंग लुक में नज़र आ रहे हैं। ब्लू कलर की शर्ट पहने और काले चश्मे में उनका स्वैग देखने लायक है। बता दें कि दे दे प्यार दे एक रोमांटिक कॉमिडी है, जिसे प्यार का पंचनामा फेम डायरेक्टर लव रंजन प्रड्यूस कर रहे हैं। लव रंजन ने ही इस फिल्म की कहानी भी लिखी है। फिल्म में अजय देवगन के ऑपोजिट रकुल प्रीत सिंह नज़र आएंगी। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, दे दे प्यार दे में शाहरुख खान स्पेशल रोल में नज़र आ सकते हैं। हालांकि अभी तक इसकी ऑफिशल अनाउंसमेंट नहीं की गई है। अजय देवगन अपनी इन दोनों फिल्मों को लेकर काफी एक्साइटेड हैं। जहां तानाजी में अजय देवगन सूबेदार तानाजी मालुसरे की भूमिका निभाएंगे, जो कि शिवाजी की सेना के सेनापति थे, वहीं दे दे प्यार दे में उनका रोल एकदम हटकर होगा।

पेंटी में बीच पर मस्ती करती दिखी टीवी स्टार निया शर्मा

इंस्टाग्राम पर हमेशा अपनी बोल्ड और ब्यूटिफुल तस्वीरें पोस्ट करने वाली टीवी सिलेब्रिटी निया शर्मा ने नए साल की शुरुआत अपनी और ज्यादा बोल्ड तस्वीरों के साथ की है।

निया अपनी इस लेटेस्ट तस्वीरों में यलो टॉप के साथ बिकिनी में अपनी उंगली पर फुटबॉल नचाती दिख रही हैं। एक अन्य तस्वीर में उन्होंने बॉल को अपने हाथ से कमर के पास दबा रखा है और उनका बेली रिंग नजर आ रहा। इस तस्वीर मे उन्होंने ब्लैक कैप भी पहन रखी है। इस तस्वीर के अलावा उन्होंने अपनी कुछ और खूबसूरत तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं, जिसमें वह स्पोर्ट्स ब्रा के साथ ब्लू स्कर्ट पहन रखी है। इन तस्वीरों में भी वह बेहद हॉट नजर आ रही हैं।

एक हजारों में मेरी बहना है, जमाई राजा ऐक्ट्रेस निया सोशल साइट पर काफी ऐक्टिव रहने वाली सिलेब्रिटीज़ में से एक हैं। निया ने न्यू इयर को उसी तरह से सेलिब्रेट किया है जैसा वह करना चाहती थीं। नए साल की शुरुआत पर निया की इन तस्वीरों को देखकर ऐसा लग रहा है कि यह साल उनकी तस्वीरों के लिहाज से और भी धमाकेदार रहने वाला है। एशिया की दूसरी सबसे सेक्सी महिला का खिताब पा चुकीं निया शर्मा तस्वीरें पोस्ट करने का कोई मौका नहीं छोड़तीं।

आलिया भट्ट ने पहनी ऐसी ड्रेस, हो गईं ट्रोल

बॉलिवुड सिलेब्रिटीज़ का मुंबई एयरपोर्ट पर नज़र आना आम बात है, लेकिन इसे लेकर फैंस के बीच काफी क्रेज़ रहता है। कई बार तो फैंस अपने फेवरिट स्टार को एयरपोर्ट पर देखकर या तो उनका पीछा करते हैं या फिर उनसे सेल्फी की डिमांड करते हैं। अपने एयरपोर्ट लुक को लेकर भी बॉलिवुड स्टार्स काफी चर्चा में रहते हैं। वे खुद भी इस बात को लेकर काफी सजग रहते हैं कि इस दौरान वह कैजुअल रूप में भी स्टाइलिश लगें।

हाल ही में ऐक्ट्रेस आलिया भट्ट को मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया। वह अभिषेक वर्मन की अगली फिल्म कलंक के शूट के लिए हैदराबाद जा रही थीं और इस दौरान उन्होंने एक फ्लोरल प्रिंट वाली नाइट सूट ड्रेस पहनी हुई थी। यह ड्रेस एक पॉप्युलर इंटरनैशनल ब्रैंड की थी और इसकी कीमत तकरीबन 1.78 लाख रुपये थी।

जहां आलिया के कुछ फैंस उनकी इस ड्रेस से काफी प्रभावित थे, वहीं कुछ ऐसे भी थे जिन्होंने आलिया को उनकी ड्रेस और लुक के लिए ट्रोल कर दिया। कुछ लोगों ने तो आलिया के फैशन सेंस पर सवाल उठाते हुए उन्हें डम्ब ही कह दिया।

बात करें फिल्मों की, तो आलिया के पास कलंक के अलावा अयान मुखर्जी की ब्रह्मास्त्र है, जिसमें उनके ऑपोज़िट रणबीर कपूर नज़र आएंगे। वहीं वह रणवीर सिंह के साथ ज़ोया अख्तर की फिल्म गली बॉय में भी नज़र आएंगी, जिसका फर्स्ट लुक भी जारी कर दिया गया है।